**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 359**
**(04 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

## मनरेगा के अंतर्गत कर्मचारी

**359. श्री राहुल गांधी:**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के संविदा कर्मचारियों और आउटसोर्सिंग के माध्यम से काम पर रखे गए श्रमिकों को उत्तर प्रदेश में कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के तहत लाभ मिल रहा है;
(ख) यदि हां , तो वर्ष 2021 से संविदा कर्मचारियों और की गई ईपीएफ कटौतियों का जिलावार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने उक्त कर्मचारियों के मानदेय से काटी गई ईपीएफ राशि को उनके यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) में जमा करने में विफलता से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए कार्रवाई की है; और
(घ) यदि हां, तो नियोक्ता पर लगाए गए जुर्माने सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

**(क) से (घ):** उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार , महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के तहत आउटसोर्सिंग के माध्यम से राज्य द्वारा नियुक्त संविदा कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) का लाभ मिल रहा है। राज्य ने सूचित किया है कि वर्ष 2021 में एकल नोडल खाता (एसएनए) मॉड्यूल के कार्यान्वयन के कारण सभी बैंक खाते बंद कर दिए गए थे। हालाँकि, होल्डिंग खाता खुलने के बाद, उत्तर प्रदेश राज्य के महात्मा गांधी नरेगा योजना संविदा कर्मचारियों की ईपीएफ कटौती नियमित रूप से नेट बैंकिंग के माध्यम से उनके यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) में जमा की जा रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत ईपीएफ का लाभ प्राप्त करने वाले आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखे गए कुल कर्मचारियों और श्रमिकों की जिलेवार संख्या का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

**अनुबंध**

**लोक सभा में दिनांक 04.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 359 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य में आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त ईपीएफ का लाभ प्राप्त कर रहे, संविदा कर्मचारियों की कुल संख्या का जिलावार विवरण। | | |
|---|---|---|
| क्र.स. | जिला | संविदा कर्मचारियों की संख्या, |
| 1 | आगरा | 502 |
| 2 | अलीगढ़ | 228 |
| 3 | अंबेडकरनगर | 635 |
| 4 | अमेठी | 538 |
| 5 | अमरोहा | 397 |
| 6 | औरैया | 335 |
| 7 | अयोध्या | 635 |
| 8 | आजमगढ़ | 1308 |
| 9 | बागपत | 8 |
| 10 | बहराईच | 829 |
| 11 | बलिया | 763 |
| 12 | बलरामपुर | 650 |
| 13 | बाँदा | 447 |
| 14 | बाराबंकी | 891 |
| 15 | बरेली | 848 |
| 16 | बस्ती | 913 |
| 17 | बिजनौर | 572 |
| 18 | शाहजहांपुर | 806 |
| 19 | बुलन्दशहर | 33 |
| 20 | चंदौली | 571 |
| 21 | चित्रकूट | 279 |
| 22 | देवरिया | 795 |
| 23 | एटा | 389 |
| 24 | इटावा | 377 |
| 25 | फर्रुखाबाद | 329 |
| 26 | फतेहपुर | 732 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27 | फिरोजाबाद | | 215 |
| 28 | गाजीपुर | | 831 |
| 29 | गोंडा | | 990 |
| 30 | गोरखपुर | | 874 |
| 31 | हमीरपुर | | 284 |
| 32 | हापुड | | 0 |
| 33 | हरदोई | | 974 |
| 34 | हाथरस | | 234 |
| 35 | जालौन | | 514 |
| 36 | जौनपुर | | 1090 |
| 37 | झांसी | | 418 |
| 38 | कन्नौज | | 318 |
| 39 | कानपुर देहात | | 497 |
| 40 | कानपुर नगर | | 346 |
| 41 | काशगंज | | 327 |
| 42 | कौशांबी | | 328 |
| 43 | खीरी | | 883 |
| 44 | कुशी नगर | | 914 |
| 45 | ललितपुर | | 3613 |
| 46 | लखनऊ | | 371 |
| 47 | महाराजगंज | | 712 |
| 48 | महोबा | | 214 |
| 49 | मैनपुरी | | 446 |
| 50 | मथुरा | | 260 |
| 51 | मऊ | | 516 |
| 52 | मेरठ | | 8 |
| 53 | मिर्जापुर | | 602 |
| 54 | मुरादाबाद | | 442 |
| 55 | मुजफ्फरनगर | | 19 |
| 56 | पीलीभीत | | 580 |
| 57 | प्रतापगढ़ | | 884 |
| 58 | प्रयागराज | | 1191 |
| 59 | रायबरेली | | 742 |
| 60 | रामपुर | | 475 |

| | | |
|---|---|---|
| 61 | सहारनपुर | 367 |
| 62 | संभल | 462 |
| 63 | संतकबीरनगर | 593 |
| 64 | संत रविदास नगर | 355 |
| 65 | शाहजहांपुर | 802 |
| 66 | शामली | 10 |
| 67 | श्रावस्ती | 229 |
| 68 | सिद्धार्थनगर | 933 |
| 69 | सीतापुर | 1243 |
| 70 | सोनभद्र | 440 |
| 71 | सुल्तानपुर | 566 |
| 72 | उन्नाव | 750 |
| 73 | वाराणसी | 483 |
| 74 | गौतमबुद्धनगर | 0 |
| 75 | गाजियाबाद | 0 |
| | कुल | 43155 |